Title: Re: Need to establish a Divisional Office of Railways in Bhagalpur, Bihar and introduce operation of Rajdhani or Vande Bharat train from Bhagalpur.

श्री अजय कुमार मंडल (भागलपुर): भागलपुर में रेलवे मंडल बनाने की मांग सन 1952 में पूर्वी रेलवे की स्थापना से हो रही है। मालदा (पश्चिम बंगाल) में रेलवे मंडल, जिसके अंतर्गत भागलपुर रेलवे स्टेशन आता है, 1984 में बनाया गया था। कथित रूप से मानदंडों की अनदेखी करके रेलवे डिवीजन को मालदा को सौंप दिया गया था। अतः आपसे अनुरोध है कि जनहित में भागलपुर में रेलवे मंडल कार्यालय की स्थापना की जाए।

व्यवसायिक दृष्टिकोण से भागलपुर के विकास के लिए राजधानी रेल सेवा की शुरुआत किया जाना जरूरी है। लंबे समय से बिहार के भागलपुर से राजधानी रेल परिचालन की मांग की जा रही है। सिल्क सिटी के नाम से मशहूर भागलपुर में तमाम उद्योग धंधे हैं। यहां और भी उद्योग स्थापित किए जाने की प्रबल संभावनाएं हैं। गंगा नदी के किनारे बसा यह शहर पर्यटन की दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है इसके उपरांत भी भागलपुर से राजधानी रेल का परिचालन शुरू नहीं हो पाया है।

मैं माननीय मंत्री का उपरोक्त विषय पर ध्यानाकर्षण करते हुए यह आग्रह करता हूं कि भागलपुर से राजधानी रेल परिचालन हेतु शीघ्र कार्यवाही शुरू की जाए जिससे भागलपुर वासियों को राजधानी रेल यातायात का लाभ प्राप्त हो सके या वन्दे भारत रेल का परिचालन भागलपुर से शीघ्र किया जाए।